Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand for reservation of SC, ST and OBC in Aligarh Muslim University.

श्री सतीश कुमार गौतम (अलीगढ़): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि अलीगढ़ यूनिवर्सिटी मेरे लोक सभा क्षेत्र में है। वह केन्द्र के द्वारा संचालित होती है, वह केन्द्र के पैसे से चलती है। बीएचयू में एससी, एसटी और ओबीसी को आरक्षण मिलता है, लेकिन अलीगढ़ यूनिवर्सिटी में इनको कोई आरक्षण नहीं मिलता है। केवल कांग्रेस की एक गलती की वजह से आज हमारे बच्चे, एससी, एसटी और ओबीसी के बच्चे वहां की शिक्षा से वंचित हैं।

अध्यक्ष जी**,** मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि वहां पर केन्द्र सरकार की तरफ से कोई न कोई कमेटी गठित की जाए। आने वाले वर्ष 2021 में वहां केवल एक समुदाय के डॉक्टर्स रहेंगे**,** दूसरे समुदाय का कोई डॉक्टर भी नहीं रहेगा। वर्ष 2021 में उनका रिटायरमेंट हो जाएगा। वह केवल एक समुदाय की यूनिवर्सिटी रह गई है। वह केन्द्र के पैसे से चलती है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि वहां एससी, एसटी और ओबीसी के गरीब बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा दी जाए**।**

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और

श्री जगदम्बिका पाल को श्री सतीश कुमार गौतम द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।